पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

हर महिला को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलम्बी बनने का अवसर मिले

——————

परिवार में एक माँ के रूप में महिला विशिष्ट भूमिका अदा करती है

————

वर्तमान युग नारी शक्ति का युग है

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 16 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ स्थित अंसल गोल्फ सिटी के एक स्थानीय होटल में अमर उजाला समूह द्वारा आयोजित वूमेन अचीवर्स एवार्ड समारोह में सहभागिता करते हुये समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सम्मानित होने वाली महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि हर महिला को आर्थिक रूप से सशक्त होने और उनको स्वावलम्बी बनने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रतिष्ठा एवं बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। क्योंकि परिवार में एक माँ के रूप में वह अपनी विशिष्ट भूमिका अदा करती है।

राज्यपाल जी ने कहा कि यह सच है कि इक्कीसवीं शताब्दी में हमारे देश की महिलाएं न केवल स्वावलम्बी बनकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी हैं, बल्कि भावी संगठनों का निर्माण करते हुए सशक्त भी हुई हैं। उन्होंने कहा कि अनेक महिलाओं ने सामाजिक नैतिकता की बाध्यताओं को पार करते हुए घर तथा कार्यस्थल पर स्वयं को सफल उद्यमी एवं कार्यकारी व्यावसायिकों के रूप में साबित किया है। नए उद्यमों को आरंभ

करने एवं उनका सफलतापूर्वक संचालन करने वाली महिलाओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी उपलब्धियां अर्जित की हैं और दूसरों को प्रेरित भी कर रही हैं।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वर्तमान युग नारी शक्ति का युग है। हमें सफल महिलाओं से प्रेरणा लेते हुए हर महिला को आर्थिक स्वावलम्बन की चुनौती को स्वीकारना होगा। केन्द्र सरकार का भी दृष्टिकोण महिलाओं के नेतृत्व वाले सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने में है। सरकार ने कामकाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की गरिमा को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज सबसे गरीब महिलाएं जो सुरक्षित स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी की समस्याओं का सामना करती थी, उन्हें शौचालय, रसोई गैस आदि से अधिक सुरक्षित स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण मिला है। हमारे प्रधानमंत्री के नारी सशक्तिकरण के प्रयास बहनों की उपलब्धियों में दिख रहे हैं।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 महिलाओं को सम्मानित किया तथा कुंवर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ के बच्चों को उपहार प्रदान किया।

इस अवसर पर अमर उजाला के सम्पादक श्री राजीव सिंह, ए0वी0पी0 श्री भूपेन्द्र दुबे, ब्यूरो चीफ श्री अनिल सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (173/27)
सम्पर्क सूत्र 9453005360

अमर उजाला
वुमेन

वुमेन
ONLY